>

Title: Need to re-organise railway zones and railway division in the country.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): उपाध्यक्ष जी, मैं बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। रेलवे के जो डिवीजन हैं और रेलवे के जो ज़ोन हैं, उनको रि-ऑरगेनाइज करने की अब जरूरत है। मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मेरे बीकानेर डिवीजन का हेडक्वार्टर बीकानेर ही है। इसके पांच किलो मीटर बाद जोधपुर शुरू हो जाता है। अगर किसी डिवीजन में, जैसे मेरे डिवीजन के पांच किलो मीटर बाद रेलवे के किसी डिवीजन में कोई एक्सीडेंट हो गया, कोई आग लग गयी तो इसके लिए स्टाफ जोधपुर से आता है, जो वहां से 240 किलो मीटर दूर है। ऐसा देश में और जगह भी है।

मैंने एक प्रश्न के माध्यम से रेलवे से जब प्रश्न किया तो रेलवे ने कहा कि हमारे यहां

रि-ऑरगेनाइजेशन करने का अभी कोई विचार नहीं है। जब मेम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट के सीट का लिमिटेशन, डी-लिमिटेशन हो सकता है, उनके क्षेत्र बदल सकते हैं या उनके क्षेत्रों का पुनर्निधारण हो सकता है तो रेलवे के डिवीजन, जहां डी.आर.एम. बैठता है और ज़ोन, जहां जी.एम. बैठता है, उनका रि-ऑरगेनाइजेशन क्यों नहीं हो सकता?

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री से मांग करता हूं कि रेलवे के डिवीजन और ज़ोन को रि-ऑरगेनाइज करे और उसको ज्योग्राफिकल एरिया के हिसाब से जिसका जहां हेडक्वार्टर है, उसके आस-पास का एरिया उस ज़ोन में या उस डिवीजन में आना चाहिए।

आपने मुझे समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 11.00 a.m. on Tuesday, February 26, 2013.

_

18.57 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Tuesday, February 26, 2013/Phalguna 7, 1934 (Saka).

---

* Not recorded.

* Expunged as ordered by the chair.

** Not recorded

** Introduced with the recommendation of the President.

* Not recorded as ordered by the Chair .

* Not recorded as ordered by the Chair.

* Not recorded.

* English Translation of the speech is originally delivered in Bangla